# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 11/11/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** 5 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 800 B). 840 C). 760 D). 740

**Correct Answer: A**

**Q.2** 8 cm त्रिज्या वाले एक ठोस बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 704 cm² है। बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). $1026\frac{6}{7}\ cm^3$ B). $1206\frac{6}{7}\ cm^3$ C). $1106\ \frac{6}{7}\ cm^3$ D). $1602\frac{6}{7}\ cm^3$

**Correct Answer: B**

**Q.3** साधारण ब्याज पर 4% वार्षिक दर से निवेश की गई किसी धनराशि का मूल्य 30% तक बढ़ने में कितना समय (वर्ष में) लगेगा?

**Ans** A). $7\frac{1}{2}$ B). $4\frac{1}{2}$ C). $5\frac{1}{2}$ D). $8\frac{1}{2}$

**Correct Answer: A**

**Q.4** एक आदमी 10 km/h की चाल से एक निश्चित दूरी तय करता है और 8 km/h की चाल से प्रारंभिक बिंदु पर लौटता है। संपूर्ण यात्रा में उसे कुल डेढ़ घंटे का समय लगा। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी (km में) कितनी है?

**Ans** A). $13\frac{1}{3}$ B). $14\frac{2}{5}$ C). $12\frac{2}{3}$ D). $11\frac{1}{3}$

**Correct Answer: A**

**Q.5** दो ट्रेनें एक ही समय पर दो स्टेशनों से प्रस्थान करती हैं और क्रमशः 72 km/h और 84 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर यात्रा करती हैं। जब वे एक-दूसरे को पार करती हैं, तो पता चलता है कि एक ट्रेन ने दूसरी ट्रेन से 108 km अधिक दूरी तय की है। क्रमशः दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी (km में) क्या है और वे कितने घंटे बाद मिलेंगी?

**Ans** A). 1440; 10 B). 1404; 9 C). 1244; 8 D). 1084; 7

**Correct Answer: B**

**Q.6** एक व्यक्ति के वेतन में 20% की कमी होती है। उसके कम किए गए वेतन (reduced salary) में कितने प्रतिशत की वृद्धि करनी चाहिए ताकि उसे उसके मूल वेतन के बराबर लाया जा सके?

**Ans** A). 20% B). 30% C). 25% D). 22%

**Correct Answer: C**

**Q.7** नीचे दी गई तालिका उन व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती है जिन्होंने संगीत की अपनी पसंदीदा शैली के बारे में एक सर्वेक्षण पर उत्तर दिए।

| आयु | 18-35 | 36-50 | 51+ |
|---|---|---|---|
| शास्त्रीय | 75 | 51 | 54 |
| पॉप | 54 | 67 | 65 |
| हिप-हॉप | 60 | 82 | 78 |
| रॉक | 72 | 78 | 49 |
| कुल | 261 | 278 | 246 |

कुल नमूने का कितना प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) इंगित करता है कि शास्त्रीय संगीत उनकी पसंदीदा शैली है?

**Ans** A). 21.15% B). 22.93% C). 26.32% D). 19.25%

**Correct Answer: B**

**Q.8** वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है, जो 38, 95 और 171 को पूर्णतः विभाजित करती है।

**Ans** A). 13 B). 9 C). 19 D). 21


**Correct Answer: C**

**Q.9** 60 विद्यार्थियों के औसत अंक 48 पाए गए। बाद में, यह पाया गया कि 68 अंक को गलती से 56 पढ़ लिया गया था। सही अंक के अनुरूप सही औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 44.2 B). 48.2 C). 54.2 D). 40.8

**Correct Answer: B**

**Q.10** दिए गए बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
नीचे दिया गया बार-ग्राफ गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में छः छात्रों (A, B, C, D, E और F) द्वारा प्राप्त औसत अंकों को दर्शाता है। प्रत्येक विषय के अधिकतम अंक 100 हैं।




गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में B द्वारा प्राप्त कुल अंकों तथा गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में F द्वारा प्राप्त प्राप्त कुल अंकों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 24 B). 12 C). 42 D). 21

**Correct Answer: D**

**Q.11** पाँच टोकरियाँ- A, B, C, D और E.हैं। प्रत्येक टोकरी में छल्ले हैं और सभी पाँच टोकरियों में छल्लों की औसत संख्या 42 है। यदि टोकरी D को हटा दिया जाए, तो शेष टोकरियों में छल्लों की औसत संख्या 38 हो जाती है। टोकरी D में कितने छल्ले हैं?

**Ans** A). 64 B). 58 C). 38 D). 42

**Correct Answer: B**

**Q.12** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹1,680 है और इसे 19% की छूट पर बेचा जाता है। यदि इसमें 8% का लाभ होता है, तो वस्तु पर क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक मूल्य अंकित किया गया है?

**Ans**
A). $32\frac{1}{3}\%$ B). $31\frac{1}{3}\%$ C). $33\frac{1}{3}\%$ D). $35\frac{1}{3}\%$

**Correct Answer: C**

**Q.13** किसी परीक्षा में, एक कक्षा में विद्यार्थी के औसत अंक 85.4 थे। यदि विद्यार्थी को इतिहास में 8 अंक अधिक मिलते, विज्ञान में 12 अंक अधिक मिलते, कंप्यूटर विज्ञान में 10 अंक अधिक मिलते, हिंदी में 15 अंक कम मिलते और अन्य विषयों में समान अंक बरकरार रहते, तो औसत 87.9 होता। परीक्षा में कितने विषय थे?

**Ans** A). 6 | B). 7 | C). 8 | D). 5 — **Correct Answer: A**

**Q.14** 21cm त्रिज्या वाले एक ठोस लम्ब वृत्तीय बेलन की ऊँचाई क्या है, यदि इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 3828 $cm^2$ है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए)

**Ans** A). 6 cm | B). 12 cm | C). 10 cm | D). 8 cm — **Correct Answer: D**

**Q.15** तीन क्रमागत विषम संख्याओं का योग, इन संख्याओं के औसत से 58 अधिक है। सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 27 | B). 31 | C). 33 | D). 37 — **Correct Answer: B**

**Q.16** P की मासिक आय और Q की मासिक आय के बीच का अनुपात 7 : 6 है और उनके व्ययों के बीच का अनुपात 6 : 5 है। यदि उनमें से प्रत्येक ₹480 की बचत करता है, तो P की मासिक आय ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹2,400 | B). ₹3,360 | C). ₹2,880 | D). ₹6,240 — **Correct Answer: B**

**Q.17** 9 cm त्रिज्या वाले एक ठोस गोले को पिघलाकर 12 cm लंबाई और 15 cm बाहरी त्रिज्या वाली एक खोखली, लंब वृत्ताकार बेलनाकार ट्यूब बनाई जाती है। ट्यूब की मोटाई (cm में) कितनी है?

**Ans** A). 4 | B). 3 | C). 2 | D). 1 — **Correct Answer: B**

**Q.18** एक राशि 4 वर्ष के लिए साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर जमा की गई थी। यदि ब्याज दर 5% अधिक होती, तो यह राशि ₹5,200 अधिक होती। जमा की गई राशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹10,400 | B). ₹26,000 | C). ₹13,000 | D). ₹25,000 — **Correct Answer: B**

**Q.19** अमर एक दीवार घड़ी ₹300 में खरीदता है और उसे ₹200 में बेचता है। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात करें।


**Ans** A). 30.33% हानि | B). 32.33% लाभ | C). 33.33% हानि | D). 31.33% लाभ — **Correct Answer: C**

**Q.20** एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे बाट से 33% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $51\frac{34}{67}\%$ | B). $48\frac{17}{67}\%$ | C). $49\frac{17}{67}\%$ | D). $50\frac{18}{67}\%$ — **Correct Answer: C**


## Section : Reasoning Ability and Problem Solving


**Q.1** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) उसके एक भाग के रूप में सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(x)

**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.2** दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
86, 91, 101, 116, ?

**Ans** A). 159 | B). 134 | C). 136 | D). 126 — **Correct Answer: C**

**Q.3** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी बेल्ट, बटुए हैं।**
**कुछ बटुए, चश्में हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ बेल्ट, चश्में हैं।**
**(II) कुछ चश्मे, बटुए नहीं हैं।**

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II), दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: A**

---

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FITS' को 'ULID' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GIFT' को 'IUZD' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'G' का कूट क्या होगा?

**Ans** A). D B). U C). Z D). I

**Correct Answer: C**

---

**Q.5** E, F, G, H, I, J और K एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर इसके केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। I, J के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। G और H दोनों का निकटतम पड़ोसी E है। G, J के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। F, I के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। H के सापेक्ष K का स्थान क्या है?

**Ans** A). दाईं ओर से तीसरा B). बाईं ओर से दूसरा C). बाईं ओर से तीसरा D). ठीक दाईं ओर

**Correct Answer: C**

---

**Q.6** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**12, 108**
**20, 180**

**Ans** A). 18, 156 B). 25, 225 C). 30, 290 D). 14, 125

**Correct Answer: B**

---

**Q.7** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?


**234 × 6 − 6 ÷ 66 + 60 = ?**

**Ans** A). 375 B). 329 C). 365 D). 322

**Correct Answer: A**

---

**Q.8** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: B**


---

**Q.9** OM 13 एक निश्चित प्रकार से RP 17 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार WU 19, ZX 23 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, IG 14 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). LJ 17 B). LJ 18 C). KJ 18 D). KJ 17


**Correct Answer: B**


**Q.10** उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरी आकृति से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी आकृति पहली आकृति से संबंधित है। सादृश्य का पालन कीजिए-
आकृति 1 : आकृति 2 :: आकृति 3 : ?






आकृति 1 आकृति 2 आकृति 3

**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.11** किसी कूट भाषा में, 'MBXL' को 'OXZH' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FKRG' को 'HGTC' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'LUGS' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). OQJP B). NPIN C). NQIO D). OPJN

**Correct Answer: C**

---


**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में 'KNOW' को '2846' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WIDE' को '5729' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'W' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 9 B). 5 C). 2 D). 6


**Correct Answer: C**


---


**Q.13** निम्नलिखित श्रृंखला को यदि जारी रखा जाए तो प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी आकृति आनी चाहिए?





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: A**

---

**Q.14** AI10 एक निश्चित प्रकार से YG12 से संबंधित है। उसी प्रकार से BJ20, ZH22 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CK30 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). BI22 B). AB32 C). BC22 D). AI32

**Correct Answer: D**

---

**Q.15** 6, किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 77 से संबंधित है। 9, समान तर्क का अनुसरण करते हुए 116 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 11, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 132 B). 142 C). 141 D). 143

**Correct Answer: B**

---

**Q.16** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FOM, ILJ, LIG, OFD, ?

**Ans** A). SCA B). SCB C). RCB D). RCA

**Correct Answer: D**

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में 'BEND' को 'ADMC' के रूप में लिखा जाता है तथा 'FISH' को 'EHRG' के रूप में लिखा जाता है। उस भाषा में 'EVIL' कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). DUJM B). DUHK C). FWJM D). DWHK

**Correct Answer: B**

**Q.18** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ शिशु, मानव हैं।**
**सभी शिशु, जानवर हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कम से कम कुछ जानवर, मानव हैं।**
**(II) सभी जानवर, शिशु हैं।**

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: B**

**Q.19** सात उम्मीदवार A, B, L, N, S, T और Z समूह चर्चा के लिए एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। L, N के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। T और B के ठीक बीच में N बैठा है। Z, B का निकटतम पड़ोसी है और S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Z भी A का निकटतम पड़ोसी है। N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). A B). Z C). L D). S

**Correct Answer: D**

**Q.20** निम्नलिखित में से किन चिह्नों को आपस में बदलने पर दिया गया समीकरण सही हो जाएगा?
$8 - 4 + 144 \div 16 \times 27 = 14$

**Ans** A). × और − B). ÷ और − C). − और + D). + और ×

**Correct Answer: A**

## Section : General Awareness

**Q.1** अल्टीमेट खो-खो लीग (Ultimate Kho-Kho League) टूर्नामेंट के किस सीज़न में रामजी कश्यप को प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट (Player of the tournament) का पुरस्कार दिया गया था?

**Ans** A). सीज़न 4 B). सीज़न 3 C). सीज़न 2 D). सीज़न 1

**Correct Answer: C**

**Q.2** पास्ता, नूडल्स, पिज्जा और ब्रेड जैसे विभिन्न खाद्य पदार्थों में ग्लूटेन (Gluten) का निर्माण देखा जाता है। ग्लूटेन तब बनता है जब दो विशिष्ट प्रोटीन जल के साथ मिश्रित होते हैं। ग्लूटेन निर्माण के लिए उत्तरदायी दो प्रोटीनों के नाम बताइए।

**Ans** A). ग्लूटेनिन और ग्लाइसीन (Glutenin and Glycine) B). ग्लूटेनिन और एल्बुमिन (Glutenin and Albumin) C). ग्लूटेनिन और कैसिइन (Glutenin and Casein) D). ग्लूटेनिन और ग्लियाडिन (Glutenin and Gliadin)

**Correct Answer: D**

**Q.3** पश्चिम मध्य रेलवे जोन (West Central Railway Zone) का मुख्यालय कहाँ है?

**Ans** A). बिलासपुर B). जबलपुर C). मालीगांव D). हुबली

**Correct Answer: B**

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भौतिक परिवर्तन का एक उदाहरण है? इस उदाहरण में, पदार्थ के रासायनिक संघटन में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**A: कोयले के जलने पर उसका कोयले की राख में बदलना।**
**B: जल में शर्करा मिलाकर मीठा पेय तैयार करना।**
**C: चूने और जल के विलयन का उपयोग करके दीवारों को सफेदी करना।**
**D: एक बीकर में लवण और नींबू का रस मिश्रित करना।**

**Ans** A). केवल C B). केवल A C). केवल B D). केवल D

**Correct Answer: C**

**Q.5** चौथा आंग्ल-मैसूर युद्ध (Anglo-Mysore War) वर्ष ________ में लड़ा गया था।

**Ans** A). 1796 B). 1799 C). 1800 D). 1797

**Correct Answer: B**

**Q.6** खजुराहो के मंदिरों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

**a) मानवीय अनुभव और आध्यात्मिक खोज को समान महत्व दिया गया है।**
**b) खजुराहो में जैन और हिंदू मंदिर भी पाए जाते हैं।**
**c) चौंसठ योगिनी (Chausanth Yogini) मंदिर यहाँ के महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है।**

**Ans** A). सभी a, b और c B). केवल c और a C). केवल b और c D). केवल a और b

**Correct Answer: A**

**Q.7** निम्नलिखित में से किस स्थान पर 1873 में पहली सिंह सभा की स्थापना की गई थी?

Ans A). अमृतसर B). जालंधर C). लाहौर D). मुल्तान **Correct Answer: A**

**Q.8** निम्नलिखित में से भारत के किस राष्ट्रीय नेता ने 1958 में उज्जैन में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय कालिदास सम्मान समारोह का उद्घाटन किया था?

Ans A). जवाहर लाल नेहरू B). सरदार पटेल C). लाल बहादुर शास्त्री D). राजेन्द्र प्रसाद **Correct Answer: D**

**Q.9** विजयनगर साम्राज्य में परिवारों के समूहों का गठन करने वाले ग्राम सेवकों (village servants) या कर्मचारियों को __________ कहा जाता था।

Ans A). आयगार (ayagars) B). अमरनायक (amaranayakas) C). वेल्लालार (vellalars) D). नायक (nayakas) **Correct Answer: A**

**Q.10** 11 दिसंबर 2022 को, निम्नलिखित में से किसने हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का पदभार संभाला?

Ans A). शिव प्रताप शुक्ला B). विक्रमादित्य सिंह C). जयराम ठाकुर D). मुकेश अग्निहोत्री **Correct Answer: D**

**Q.11** चैत्र माह में, निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार मनाया जाता है?

Ans A). दिवाली B). दशहरा C). रामनवमी D). जन्माष्टमी **Correct Answer: C**

**Q.12** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में राष्ट्रपति का पद ________ का है।

Ans A). तानाशाह (Dictator) B). राजा (King) C). वास्तविक कार्यपालक (Real Executive) D). नाममात्र कार्यपालक (Nominal Executive) **Correct Answer: D**

**Q.13** जब 11वें मौलिक कर्तव्य को भारतीय संविधान में शामिल किया गया, तब प्रधान मंत्री कौन थे?

Ans A). इंदिरा गांधी B). लाल बहादुर शास्त्री C). गुलजारी लाल नंदा D). अटल बिहारी वाजपेयी **Correct Answer: D**

**Q.14** प्रसिद्ध लोक नृत्य 'ढोलाचा नाच (Dholacha Nach)' किस राज्य में किया जाता है?

Ans A). बिहार B). राजस्थान C). मध्य प्रदेश D). महाराष्ट्र **Correct Answer: D**

**Q.15** 'मेगालिथ (megalith)' का शाब्दिक अर्थ, ____________________ है।

Ans A). एक शवगृह B). एक गुफा C). एक विशाल आश्रय D). एक विशाल पत्थर **Correct Answer: D**

**Q.16** गरीबी रेखा की गणना के लिए दादाभाई नौरोजी ने किस दृष्टिकोण का उपयोग किया?

Ans A). कैदी मेनू (Prisoner menu) B). निर्यात-आयात आंकड़े (Export-import data) C). औद्योगिक उत्पादन (Industrial output) D). कृषि उत्पादकता (Agricultural productivity) **Correct Answer: A**

**Q.17** रैट-होल (rat-hole) खनन में, निम्नलिखित में से किस खनिज का खनन किया जाता है?

Ans A). सोना B). निकल C). बॉक्साइट D). कोयला **Correct Answer: D**

**Q.18** तन्वी शाह, 2010 में किस गाने के लिए ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं?

Ans A). वन्दे मातरम B). भारत की बेटी C). ऐ वतन D). जय हो **Correct Answer: D**

**Q.19** भारतीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत की सभी लुप्तप्राय प्रजातियों (endangered species) का उनके संरक्षण की स्थिति के साथ एक लेखा-जोखा (log) रखता है। इस किताब का नाम क्या है?

Ans A). द ब्लैक बुक (The Black Book) B). इंडियन लाइफ कैटेलॉग (Indian Life Catalogue) C). रेड डेटा बुक (Red Data Book) D). द बुक ऑफ इनडेंजर्ड स्पीशीज (The Book of Endangered Species) **Correct Answer: C**

**Q.20** राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (National Apprenticeship Promotion Scheme - NAPS), भारत सरकार द्वारा वर्ष ________ में शुरू की गई थी।

Ans A). 2016 B). 2022 C). 2012 D). 2005 **Correct Answer: A**

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य दक्षिण पश्चिम मानसून की अरब सागर शाखा के वर्षा छाया क्षेत्र (rain shadow region) में स्थित है?

Ans A). गुजरात B). तमिलनाडु C). गोवा D). केरल **Correct Answer: B**

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन सा हिंदी उपन्यास विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखा गया है?

Ans A). मुझे चांद चाहिए B). विनायक C). अर्धनारीश्वर D). क्यापा **Correct Answer: C**

**Q.23** **निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से गैर-कर राजस्व प्राप्ति का/के उदाहरण है/हैं?**

**Ans** A). आयकर B). विनिवेश C). बाह्य वाणिज्यिक ऋण ग्रहण D). ब्याज से प्राप्त आय **Correct Answer: D**

**Q.24** **2023 में, न्यूयॉर्क के लोकोपकारी संगठन कार्नेगी कॉरपोरेशन (Carnegie Corporation) ने ______________ के अध्यक्ष अजय बंगा को अपनी वार्षिक 'महान प्रवासीयों (Great Immigrants)' की सूची में स्थान दिया। इस सूची में ऐसे सम्मानित व्यक्ति शामिल हैं जिन्होंने अपने योगदान और कार्यों से अमेरिका और उसके लोकतंत्र को समृद्ध और सशक्त बनाया है।**

**Ans** A). विश्व बैंक (World Bank) B). एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank) C). अफ़्रीकी संघ (African Union) D). यूरोपीय संघ (European Union)

**Correct Answer: A**

**Q.25** **वर्ष 2023 में महिला प्रीमियर लीग (Women's Premier League - WPL) प्रतियोगिता का पहला संस्करण किस टीम ने जीता?**

**Ans** A). गुजरात जाइंट्स B). दिल्ली कैपिटल्स C). रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर D). मुंबई इंडियंस **Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Always keep in mind leaner bodies need more calories than <u>fattest</u> ones.**

**Ans** A). fat B). more fatter C). the fattest D). fatter **Correct Answer: D**

**Q.2** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Effective <u>responses of climate change</u> are imperative to protect the world's children and fulfil their rights.**

**Ans** A). responses at climate change B). responses from climate change C). responses with climate change D). responses to climate change

**Correct Answer: D**

**Q.3** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Brave**

**Ans** A). Cowardly B). Earthly C). Boundless D). Dim **Correct Answer: A**

**Q.4** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Rahul was angry <u>of</u> his brother as he broke his pen.**

**Ans** A). on B). from C). of D). at **Correct Answer: D**

**Q.5** **Select the option that can be used as a one-word substitute for highlighted group of words in the given sentence.**

**He devoted his entire life to the study of the human mind.**

**Ans** A). psychology B). physiology C). physics D). philology **Correct Answer: A**

**Q.6** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**compassionate**

**Ans** A). cruel B). confident C). hardworking D). disciplined **Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**We often go camping, but I have never been to that <u>particular part of town or country</u> before.**

**Ans** A). get it in the neck B). knock on wood C). risk one's neck D). neck of the woods **Correct Answer: D**

**Q.8** **Select the option that rectifies the INCORRECT spelling in the given sentence.**
**If you try to conwince people that money is not very important, then you are barking up the wrong tree.**

**Ans** A). conveence B). convincee C). canvince D). convince **Correct Answer: D**

**Q.9** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**I have <u>never had</u> and never will be dependent on him.**

**Ans** A). never has B). was never being C). never been D). has never been

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank .**

**The company's decision to relocate had a negative ___________ on its employees.**

**Ans** A). accommodation B). conclusion C). establish D). effect

**Correct Answer: D**

**Q.11** **Select the correct spelling from the given options to fill in the blank.**
**We ________ to keep you informed of any delay to your expected delivery date.**

**Ans** A). endavour B). endevour C). endeavour D). endevor

**Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**I did not like his <u>bossy</u> attitude.**

**Ans** A). sensible B). benevolent C). idiosyncratic D). controlling

**Correct Answer: D**

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**When we _____________ ourselves, we activate a variety of psychological processes that help us achieve our objectives and improve our overall well-being.**

**Ans** A). doubt B). demolish C). linger D). believe in

**Correct Answer: D**

**Q.14** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Collapse**

**Ans** A). Surprise B). Fall C). Side D). Jump

**Correct Answer: B**

**Q.15** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**If I wrote an email / to my boss now, / he will react / by yelling at me tomorrow in the morning.**

**Ans** A). he will react B). If I wrote an email C). by yelling at me tomorrow in the morning. D). to my boss now,

**Correct Answer: B**

**Q.16** **Select the sentence that has a grammatical error.**

**Ans** A). They have an information about the event. B). Can you bring me the keys to the car? C). She is an artist at a local gallery. D). The cat is sleeping on a mat.

**Correct Answer: A**

**Q.17** **Select the most appropriate meaning of the underlined idiom from the alternatives.**

**Rajiv will understand some day that all his friends are <u>fair weather friends.</u>**

**Ans** A). A friend who meets you only during pleasant weather B). A friend who stays only when times are convenient C). Friends generally have similar characteristics D). True friends help you when you need them

**Correct Answer: B**

**Q.18** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don’t find any error, mark ‘No error’ as your answer.**

**If the players don’t wear sunscreen, / their faces will / get reddest.**

**Ans** A). No error B). get reddest C). their faces will D). If the players don’t wear sunscreen,

**Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined word.The old library had a <u>musty</u> smell from years of neglect.**

**Ans** A). casual B). fresh C). stale D). foggy

**Correct Answer: C**

**Q.20** **Select the INCORRECTLY spelt word from the given sentence.**

**The kitten's playful behaivor brought joy to the entire family.**

**Ans** A). Joy B). Kitten's C). Behaivor D). Playful

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the contemporary times, sports and games are emerging as one of the brightest careers. It expects to ___1___ at a very high moral plane. It demands honesty and transparency. Sports further demand continuous practice, hard work and ___2___ training. One must understand that sport not only has physical benefits but also ___3___ concentration and inner strength. Not only this, one who plays feels that ____4___ overall personality has undergone a change for better. Besides, social connectivity or networking, games develop ___5___ spirit in players.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). decide B). operate C). dwell D). desynchronise

**Correct Answer: B**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the contemporary times, sports and games are emerging as one of the brightest careers. It expects to ___1___ at a very high moral plane. It demands honesty and transparency. Sports further demand continuous practice, hard work and ___2___ training. One must understand that sport not only has physical benefits but also ___3___ concentration and inner strength. Not only this, one who plays feels that ____4___ overall personality has undergone a change for better. Besides, social connectivity or networking, games develop ___5___ spirit in players.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). faltering B). relentless C). paltry D). abated

**Correct Answer: B**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the contemporary times, sports and games are emerging as one of the brightest careers. It expects to ___1___ at a very high moral plane. It demands honesty and transparency. Sports further demand continuous practice, hard work and ___2___ training. One must understand that sport not only has physical benefits but also ___3___ concentration and inner strength. Not only this, one who plays feels that ____4___ overall personality has undergone a change for better. Besides, social connectivity or networking, games develop ___5___ spirit in players.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). boosts B). deteriorates C). underlines D). controls

**Correct Answer: A**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the contemporary times, sports and games are emerging as one of the brightest careers. It expects to ___1___ at a very high moral plane. It demands honesty and transparency. Sports further demand continuous practice, hard work and ___2___ training. One must understand that sport not only has physical benefits but also ___3___ concentration and inner strength. Not only this, one who plays feels that ____4___ overall personality has undergone a change for better. Besides, social connectivity or networking, games develop ___5___ spirit in players.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). one's B). his C). it's D). their

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the contemporary times, sports and games are emerging as one of the brightest careers. It expects to ___1___ at a very high moral plane. It demands honesty and transparency. Sports further demand continuous practice, hard work and ___2___ training. One must understand that sport not only has physical benefits but also ___3___ concentration and inner strength. Not only this, one who plays feels that ____4___ overall personality has undergone a change for better. Besides, social connectivity or networking, games develop ___5___ spirit in players.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). sportsmanship B). captaincy C). leadership D). companionship

**Correct Answer: A**